# वार्ड 2 में सीमेंट कांक्रीट रोड- नाला निर्माण का भूमिपूजन

▶ सासंद, विधायक, महापौर और निगम अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कार्यों की मिली सौगात



**उज्जैन।** सीएम मॉनिट विशेष निधि एवं पार्षद मद की राशि रुपए लगभग 80 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, विक्रम ठाकुर, जगदीश अग्रवाल, सत्यनारायण खोईवाल की उपस्थिति में हुआ।

वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत सीएम मॉनिट विशेष निधि एवं पार्षद मद की राशि से वार्ड अंतर्गत नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 80 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। जिससे वार्ड के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 02 महावीर नगर अंतर्गत दूधिया नीम से बावड़ी होकर गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के तहत 21 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण, पूर्व पार्षद मोहन राठौर के घर के पीछे से गढ़ कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के तहत 29 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य, रामनगर से गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक विशेष निधि के अंतर्गत 11 लाख रुपए की राशि से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 02 अंतर्गत सांखला आटा चक्की के पास सरदार जी वाली गली में पार्षद मद की राशि रुपए 19 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। इस प्रकार कुल 80 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात वार्ड अंतर्गत मिली है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों का भी पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, शानू मेहता, अशोक केथवास, विशाल शर्मा, सुभाष डोडिया, राकेश पंडिया, धर्मेंद्र परिहार, जितेंद्र भाटी, पंकज मिश्रा, आनंद जैन, कविता राठोर, निर्मल दिसावल, मधु सोनी, मोहन राठौर, रूपेश श्रीवास्तव, घनश्याम गौड़, रत्नेश साहनी, एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# महिदपुर में तेज आवाज वाले माइकों पर कार्रवाई

**महिदपुर।** नगर में हाथ ठेले वालों द्वारा सामान रखकर सार्वजनिक स्थान आम रोड पर सामान बेच रहे थे। जिससे आम जनता का आवागमन अवरुद्ध होकर लोक संकट उत्पन्न हो रहा था एवं ठेलों में लाऊड हेलर (माईक) से जोर-जोर से आवाज लगाकर सामान खरीदने का एलाउंस कर रहे थे। जिनके विरुद्ध पुलिस महिदपुर ने जब्त कर प्रभावी कार्रवाई की गई।



थाना प्रभारी महिदपुर के निर्देशन में उपनिरीक्षक सुखसेन अरियाम, आरक्षक आदिराम, आरक्षक शक्तिसिंह, आरक्षक लेखराज, आरक्षक गोविन्द व आरक्षक नारायण ने भ्रमण के दौरान नगर में हाथ ठेले वाले अपने हाथ ठेलों पर सामान रखकर सार्वजनिक स्थान आम रोड पर सामान बेच रहे थे। जिससे आम जनता का आवागमन अवरुद्ध होकर लोक संकट उत्पन्न हो रहा था एवं ठेलों में लाऊड हेलर (माईक) से जोर-जोर से आवाज लगाकर सामान खरीदने का एलाउंस कर रहे थे। जिस पर मनोज पिता पूरनलाल परमार उम्र 32 साल निवासी जेल रोड महिदपुर, फारुख पिता सलीम बैग उम्र 26 साल निवासी रंगरेज मोहल्ला, अजीज पिता मोहम्मद शाह जाति फकीर उम्र 50 साल निवासी बैरजाली, रजा खान पिता हबीब खान उम्र 45 साल निवासी केसरपुरा, मोहम्मद ताहिर पिता फजलू रहमान उम्र 23 साल निवासी केसरपुरा, सोनू पिता कालुराम उम्र 35 साल निवासी रामलीला मैदान केसरपुरा के माइक जब्त अन्य 5 सहित कुल 11 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## एक नजर में

### न्यायालय परिसर खाचरौद में किया पौधारोपण



**खाचरौद।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खाचरौद नीतू कांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति ने न्यायालय परिसर खाचरौद में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम, जामुन, नीम, आंवला, जामफल, पौधे थे। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश शैफाली सिंह, व्यवहार न्यायाधीश निर्मला पटेल, अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रवीण पांड्या, सचिव कैलाश खामोरिया, अधिवक्ता संतोष चौरडिया, सी पी चौरडिया एवं अन्य अभिभाषगण उपस्थित रहे। साथ में न्यायालय के कर्मचारी जलील खान, नीरज जाटव, प्रदीप बोरकर, मनोज गजभिए, लक्ष्मी लोहरवार, हर्षित, राकेश, रतनदीप व्यास, अरुण जोझा, उपस्थित थे। उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण द्वारा रोपित किये गये पौधों की देखभाल करने और समय समय पर पौधों में पानी डालने का संकल्प लिया गया और पौधों का हमारे सामाजिक जीवन में महत्व और आने वाली पीढ़ी को पौधों की अनिवार्यता के बारे में सभी न्यायाधीशगण द्वारा महत्व बताया गया।

### नवीन संत-सदन का लोकार्पण समारोह

**इंदौर.** दिगंबर जैन समाज स्मृति नगर की श्रद्धा, सेवा एवं सामूहिक समर्पण से निर्मित नवीन संत सदन का लोकार्पण समारोह मुनि विमल सागर एवं अनंत सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ. उक्त भवन का शिलान्यास समाधिस्थ संत आचार्य विद्यासागर महाराज के कर कमलों से हुआ था। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि प्रातः जाप्यानुष्ठान, श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, संगीतमय पूजन व शांति विधान हुआ. तत्पश्चात पूज्य मुनि विमल सागर ने प्रवचन में कहा कि जब स्मृति नगर में आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण पड़े थे तब इस भवन का शिलान्यास उन्हीं के कर कमलों से हुआ था. आचार्य श्री ने कहा था कि मंदिर निर्माण तो हो जाएगा किंतु चलते फिरते तीर्थो के लिए धाम नहीं बनाया तो वे कहां रुकेंगे और संतों का चातुर्मास कहां होगा. इस भावना के साथ स्मृति नगर दि. जैन समाज ने आचार्य श्री जी से चातुर्मास का निवेदन किया था। आज उनका वो स्वप्न पूरा हुआ. सतीश जैन ने बताया कि नवीन संत सदन के लोकार्पण कर्ता थे, भरत-कुसुम मोदी परिवार. सहयोगी थे संजय- अर्चना पाटोदी परिवार. शिखर पूंज थे, मनोज बाकलीवाल परिवार एवं महामहिम परिवार थे सिंपल जी - अंकिता जी जैन परिवार. स्मृति नगर जैन समाज के अध्यक्ष स्वर्ण जैन ने बताया कि श्वेत पाषाण के जिनालय का कार्य निर्माणाधीन है. कार्यक्रम के विधानाचार्य थे- बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया व सहयोगी थे पारस शास्त्री. आज के कार्यक्रम में स्मृति नगर जैन समाज के उपाध्यक्ष सुनील जैन, सत्येंद्र जैन, पारस जैन, संजय जैन के साथ वार्ड पार्षद सोनाली धारकर आदि का विषेश सहयोग रहा.

### सूर्य नमस्कार यज्ञ व पुरस्कार वितरण समारोह

**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योगा फॉर हेलदी एजिंग अभियान के अंतर्गत को आयोजित सूर्य नमस्कार यज्ञ एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर शिक्षण सत्र के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित छायाचित्र प्रतियोगिता में विकास कुमार ने प्रथम, वेदिका वर्मा ने द्वितीय तथा अंजू राजावत एवं विजया दवेसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार में माधुरी चौहान एवं अश्विनी मिश्रा संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे. डॉ. प्रमोद नंदवाल एवं स्वीटी महाजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिखा जैन, प्रतिभा काबरा एवं रेखा चौहान संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं. इसी प्रकार योग के मूलभूत ग्रंथों पर व्याख्यान प्रस्तुति प्रतियोगिता में संप्रदा भावसार प्रथम, डॉ. प्रमोद नंदवाल एवं अजीता जैन संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अनिल सोमानी तृतीय स्थान पर रहे. साथ ही हरि ओम योग केंद्र चेरिटेबल ट्रस्ट एवं चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, इंदौर के साधकों द्वारा प्रस्तुत योगमय प्रस्तुतियों का अवलोकन किया गया, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की. कार्यक्रम में योग विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा, योग मित्र अभियान के संयोजक राकेश चौधरी, इंजी. अनिल अग्रवाल, रौनक सोनी, मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में योग साधक, विद्यार्थी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे.

### गोयल अध्यक्ष, मित्तल महामंत्री बने

**इन्दौर.** अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र के वर्ष 2026-27 के निर्वाचन में अखिलेश गोयल सोनू अध्यक्ष और विकास मित्तल बी जे विहार महामंत्री चुने गए। इस संगठन में 35 कॉलोनियों के 500 से अधिक परिवारों का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है. अन्य पदाधिकारियों में संजय बद्रुका कोषाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल उपाध्यक्ष, पूनम गुप्ता महिला उपाध्यक्ष, विपिन गोयल प्रचार मंत्री, सुरेश अग्रवाल संयोजक, आशीष बद्रुका सह-प्रचार मंत्री, संजय बंसल सह-सचिव एवं विशाल अग्रवाल सह-संयोजक निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी का भी गठन किया गया.

### कोर्ट परिसर में सामूहिक योगाभ्यास

**देपालपुर.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में सिविल न्यायालय परिसर देपालपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंतरसिंह मौर्य ने अध्यक्षता की. शिविर में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रिजवाना कौसर, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित्रा ताहेड़, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पटेल, अधिवक्ता चेतन हार्डिया, अधिवक्ता चेतन राठौर, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित न्यायालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# मालवी बोली के प्रचार में पद्मभूषण पं. व्यास का योगदान अविस्मरणीय : प्रो. शर्मा

▶ भूमंडल पर अगर कोई सूर्य था तो वह पंडित व्यास रहे : प्रो. जोशी

**उज्जैन। पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास ने राष्ट्रीय-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने पत्रकारिता और साहित्य को सांस्कृतिक जागरण का माध्यम बनाकर जनचेतना को पुनर्जीवित किया जो आज के समय में फिर से चिंतन का विषय है। पंडितजी ने शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के पुनरुत्थान के साथ लोकभाषा मालवी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। महर्षि व्यास की पीठ को नमन करने भारती भवन में देश-दुनिया के प्रतिष्ठित लोग पहुंचते थे।**

ये विचार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कालिदास संस्कृत अकादमी में पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास की पचासवीं पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह में व्यक्त किए। पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य डॉ. केदारनारायण जोशी ने कहा कि भूमंडल पर अगर कोई सूर्य था जिसका सर्वत्र देदीप्यमान आलोक था, तो वह पंडित सूर्यनारायण व्यास थे। विक्रमादित्य को इतिहास में स्थापित करने का श्रेय पंडित जी को जाता है।

प्रसिद्ध मालवी कवि प्रो. शिव चौरसिया ने कहा कि दिसा दिसा में अमरत बांटयो, जस छायो अक्कास,





उज्जैनी का झलमल सूरज सूर्यनारायण व्यास।' उन्होंने कहा कि पंडित जी ने प्रमाणित किया कि सम्राट विक्रमादित्य प्रवर्तित विक्रम संवत ही सबसे प्राचीन संवत है। आरम्भ में पंडित जी के यशस्वी सुपुत्र एवं दूरदर्शन-आकाशवाणी नई दिल्ली के पूर्व अपर महानिदेशक पं. राजशेखर व्यास ने आयोजन की पीठिका रखते हुए पंडित जी के बहुआयामी अवदान और आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। मुंबई से पधारे अभिनेता देवेन्द्र खंडेलवाल ने पंडित जी को याद किया। आलोक त्यागी ने कहा कि पंडित जी की याद को समर्पित ऐसे कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित होने चाहिए। व्यंग्यकार डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने कहा कि पंडित जी साहित्य, कला और संस्कृति के मर्मज्ञ थे। मालवी साहित्यकार पूरन सहगल (मनासा) ने उन्हें याद करते हुए कहा कि पंडित जी जीवन की आचार संहिता थे। प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने पंडित जी के रोचक संस्मरण साझा किए। राजेन्द्र भारती, पत्रकार अर्जुन सिंह चंदेल और डॉ. विवेक चौरसिया ने भी पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारम्भ हुआ। पंडित जी को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, प्रो. अरुण वर्मा, मनीष शर्मा, पत्रकार संदीप कुलश्रेष्ठ, कीर्ति राणा, सुनील जैन, निरुक्त भार्गव, संदीप नागर, डॉ. हरीशकुमार सिंह, अशोक भाटी, राहुल शर्मा, अजय मेहता, डॉ. अनामिका शर्मा, डॉ. पुष्पा चौरसिया, प्रदीप व्यास, सीमा जोशी, संदीप सृजन, सौरभ अवस्थी, देशना जैन, डॉ. रफीक नागोरी, अंकित व्यास और दिनेश रावल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। संचालन अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी एवं डॉ. पांखुरी वक्त ने किया और आभार शशांक दुबे ने व्यक्त किया।

# जय महेश के जयकरों के साथ निकाला चल समारोह



**महिदपुर।** माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति का दिवस महेश नवमी पर्व महिदपुर समाज के द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष पीयूष राठी सचिव राजेश राठी ने बताया कि भगवान महेश का चल समारोह आषाढी गली से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रामद्वारा राजेंद्र मार्ग पहुंच, चल समारोह में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समाज के सभी सदस्य द्वारा भगवान महेश की वंदना के साथ महाआरती संपन्न हुई। महाआरती के पश्चात भगवान महेश को महाप्रसाद का भोग लगाया। अंकित राठी और राहुल बजाज ने बताया की युवा संगठन द्वारा गौशाला में गायों को रोटी गुड एवं हरी सब्जी की सेवा की गई। युवा संगठन के प्रदेश संयुक्त मंत्री श्रीपाल राठी ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर चल समारोह का स्वागत समाज जनों द्वारा किया गया। चल समारोह में हरिनारायण राठी विजय सारडा, किशन लाल राठी, सतनारायण बजाज, रमेश चंद्र राठी, मनोज झंवर, दिलीप ईनाणी कमल राठी, सुभाष राठी, विजय राठी, अश्विन राठी, आनंद राठी, अर्पित राठी, अभिषेक राठी, दीपेश अग्रवाल, प्रांजल राठी के साथ सभी युवा संगठन के साथी उपस्थित थे।

# ग्रामीण प्रतिभा निखारने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्राम हरसोदन स्थित तक्षिंदा पब्लिक स्कूल में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए बहुविकल्पीय सामान्य ज्ञान परीक्षा और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित 50 प्रश्नों की इस परीक्षा में आसपास के गांवों के 100 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में जय अमला स्कूल हरसोदन की छात्रा ऋषिका पाटीदार ने प्रथम, तरुण पाटीदार ने द्वितीय तथा तनिषा शक्तावत एवं प्रांजल पाटीदार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा विजेताओं को क्रमशः 1000, 500 और 300 रुपए नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया



गया। श्रेष्ठ 10 परीक्षार्थियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में हरसोदन के सुमित चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित को 500 रुपये नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को योग और अनुशासन का महत्व बताया। विशेष अतिथि सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन के श्री अर्पित शर्मा ने सिविल एवं डिफेंस परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने घोषणा की कि आगामी समय में फाउंडेशन से जुड़े जो भी बच्चे 10वीं, 12वीं की परीक्षा सहित खेल व संस्कृति के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनमें से प्रथम 10 विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

# महाकाल की नगरी को योग नगरी बनाने का संकल्प

**उज्जैन। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहर भर में अनेक निःशुल्क योग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर पूरे उज्जैन को योगमय बनाया गया।**

पतंजलि महिला जिला प्रभारी, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन की जिला सचिव और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन की संस्थापक योगाचार्य सुषमा यादव ने अपनी टीम के साथ इन शिविरों का सफल संचालन किया। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम के सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को योग के फायदे बताए और अभ्यास कराया।



▶ **दीपावली की तरह करते हैं योग दिवस की तैयारी**

योगाचार्य सुषमा यादव ने बताया कि जिस तरह सभी लोग दीपावली की तैयारी करते हैं, वैसे ही उनकी पूरी टीम योग दिवस की तैयारी करती है। एक महीने पहले से ही जगह-जगह शिविर लगाना प्रारंभ कर दिया जाता है ताकि पूरा शहर योग के प्रति जागरूक हो सके और हर घर में योग हो। उनका मिशन है कि आने वाले समय में उज्जैन को बाबा महाकाल की योग नगरी के नाम से जाना जाए। बाबा महाकाल सबसे बड़े तपस्वी और योगी

**इन स्थानों पर हुए विशेष आयोजन:** योगाचार्य सुषमा यादव और उनकी टीम के मार्गदर्शन में मुख्य रूप से विद्या भारती सम्राट विक्रमादित्य भवन में अखिल भारतीय बालिका शिक्षा प्रमुखों, पार्श्वनाथ सिटी में 200 रहवासियों और वर्जिन मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में 1200 विद्यार्थियों ने योग किया। इसके साथ ही गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्टेट्रिशियन डॉक्टर्स सोसाइटी, एलन करियर एंड इंस्टीट्यूशन में तीन दिवसीय शिविर, सनातन हिंदू महिला संगठन और अंजुश्री नारी शक्ति क्लब में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए।

# रंजिश में स्कूटी में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगाने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देना कबूला है.**

थाना प्रभारी हित गोपाल यादव ने बताया कि फरियादी नीमा डांडिया, निवासी अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 जून की रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी स्कूटी एमपी 09 डीबी 0576 में आग लगा दी.

फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी, पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया.

तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे चंदन नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी आदित्य कोसे उम्र 19 साल निवासी रामा कॉलोनी सिरपुर ने पुरानी रंजिश के चलते पेट्रोल डालकर स्कूटी में आग लगाने की बात कबूल की. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

**एक नजर** ▶ महेश नवमी की पूर्व संध्या पर माहेश्वरी समाज के युवा संगठनों ने नृसिंह मंदिर सभागार में किया विराट कवि सम्मेलन

# हास्य व्यंग्य और ओज की कविताओं ने बांधा समां, देर रात तक गूंजे श्रोताओं के ठहाके

**उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव 2026 की पूर्व संध्या पर श्री माहेश्वरी समाज युवा संगठन एवं श्री माहेश्वरी सभा युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में नृसिंह मंदिर सभागार में विराट हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। रात 8 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में समाज के रचनाकारों ने अपनी हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रृंगार और चिंतन से ओतप्रोत कविताओं से देर रात 12 बजे तक श्रोताओं को बांधे रखा।

अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्याम अटल ने की। मुख्य अतिथि श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चोखड़ा और विशेष अतिथि लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा थे। वहीं श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी और महेश नवमी समारोह के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश काबरा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु इनानी द्वारा सरस्वती व महाकाल वंदना से किया गया।



**इन कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां:** कवि सम्मेलन में सावन बजाज ने तीन कविताएं, नीलेश कोठारी ने सम्पत सरल की शैली में व्यंग्य, कोमल भूतड़ा ने वर्नियर कैलिपर पर हास्य रचना और पीडी होलानी ने समसामयिक कविता व शायरी प्रस्तुत की। प्रशांत बंग ने तीखे व्यंग्य बाण छोड़े, मनीष हेड़ा ने सामाजिक एकता का संदेश दिया, केके अटल ने पत्नी के समर्पण व सौंदर्य पर कविता सुनाई और सचिन बजाज ने भ्रष्टाचार व देशभक्ति पर ओजस्वी रचनाएं पढ़ीं। इसी तरह रुक्मणि भूतड़ा ने परिवार व संस्कार, एकता झंवर ने नारी जागृति, अन्तिमा बाहेती ने कोरोना काल की सीख, रश्मि बजाज ने वर्षा ऋतु के श्रृंगार व प्रिय मिलन तथा फाल्गुनी बियानी ने हास्य कविता व गीत पेश किए। कैलाश नारायण राठी ने भी अपने गीतों व कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। आयोजन की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में श्री माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष अंकुश धूत, श्री माहेश्वरी सभा युवा संगठन के अध्यक्ष अर्पण इनानी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। ओमप्रकाश काबरा व दिनेश दाढ़ ने समाज द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। युवा संगठन द्वारा आइसक्रीम वितरण व स्वल्पाहार के पश्चात सभी को महेश नवमी के भव्य चल समारोह में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया गया।